[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, सोमवार, 29 जून 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 245, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने प्रतिभाशाली... 02

04 प्रधानमंत्री के दौरे से ...

## खबर संक्षेप

### संघरत्न डॉ. राजेन्द्र मुनि का दूधिया गणेशजी में पदार्पण, देवेन्द्र धाम में होगा चातुर्मास

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। संघरत्न डॉ. राजेन्द्र मुनि म.सा. एवं डॉ. सुरेन्द्र मुनि म.सा. का रविवार को विहार करते हुए दूधिया गणेशजी स्थित श्री वर्धमान पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र में मंगल प्रवेश हुआ। मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह गुरु दर्शन कर उनका स्वागत किया। मुनिवृंद का तीन दिवसीय प्रवास श्री वर्धमान पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र में रहेगा। इसके बाद संघरत्न डॉ. राजेन्द्र मुनि म.सा. का चातुर्मास देवेन्द्र धाम, भुवाणा में आयोजित होगा, जहां श्रद्धालुओं को उनके साथ अन्य मुनिवरों का भी सान्निध्य प्राप्त होगा।

### ग्रामीण सेवा शिविरों में 29 जून को आमजन की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

जयपुर @ पदमावत मीडिया। ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत 29 जून को जयपुर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में आमजन की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जाएगा तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि जिले की विभिन्न पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पंचायती राज, कृषि, जलदाय, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

### डेढ़ साल से फरार डोडा पोस्त तस्करी का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

बालोतरा @ पदमावत मीडिया। ऑपरेशन विपथगमन के तहत आरजीटी नगर थाना पुलिस ने 84.42 किलोग्राम डोडा पोस्त तस्करी मामले में करीब डेढ़ वर्ष से फरार चल रहे मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा था, लेकिन तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से उसे दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार 6 फरवरी 2025 को मालपुरा क्षेत्र से 84.42 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में बरामद मादक पदार्थ का सप्लायर जोगेन्द्र कुमार उर्फ जोगाराम निवासी बाड़मेर होना सामने आया था। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मामले में तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### ठाणे पुलिस के शिकायत निवारण अभियान में 713 मामलों का मौके पर निस्तारण

ठाणे @ पदमावत मीडिया। ठाणे पुलिस आयुक्तालय के 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत आयोजित दो दिवसीय शिकायत निवारण दिवस में 771 फरियादी उपस्थित हुए। पुलिस अधिकारियों ने इनमें से 713 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर त्वरित राहत प्रदान की। अभियान के दौरान कुल 1,161 आवेदकों को बुलाया गया था। शेष मामलों में संबंधित पक्षों को बुलाकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है।

### वीरेंद्र सिंह यादव लगातार चौथी बार राज्य स्तरीय भामाशाह प्रेरक सम्मान से सम्मानित होंगे

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। भामाशाह जयंती के अवसर पर सोमवार को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शिक्षा विभाग उदयपुर के वीरेंद्र सिंह यादव को लगातार चौथी बार राज्य स्तरीय भामाशाह प्रेरक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें वल्लभनगर ब्लॉक के खरताणा गांव में भामाशाहों के सहयोग से लगभग 4.21 करोड़ रुपये की लागत से विद्यालय भवन निर्माण में प्रेरक भूमिका निभाने पर यह सम्मान दिया जा रहा है।



## मुख्यमंत्री ने यूपीएससी में चयनित युवाओं से किया संवाद, राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का किया आह्वान

# कड़ी मेहनत, अनुशासन और जनसेवा से विकसित भारत का सपना होगा साकार : भजनलाल शर्मा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा एवं भारतीय वन सेवा परीक्षा-2025 में चयनित राजस्थान के अभ्यर्थियों से संवाद कर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों ने अपनी सफलता के अनुभव साझा करते हुए तैयारी के दौरान आए संघर्ष और सीख के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल सेवा में सफलता केवल कड़ी मेहनत, अनुशासन, धैर्य और निरंतर प्रयास से ही प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और समर्पण विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान के निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सफल अभ्यर्थियों से अपने सेवाकाल को जनसेवा और राष्ट्रहित के लिए समर्पित करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि लोक सेवक के रूप में चयनित होने के बाद प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। उन्हें अपने कार्यकाल में ईमानदारी, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहिए। साथ ही अपनी कर्मभूमि के साथ मातृभूमि के प्रति भी उत्तरदायित्व निभाते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।









मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बीते ढाई वर्षों में विकास का व्यापक रोडमैप तैयार कर आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में पेयजल, विद्युत, आधारभूत संरचना और औद्योगिक विकास से जुड़ी अनेक परियोजनाओं पर प्रभावी ढंग से कार्य हो रहा है। उद्योगों को प्रोत्साहन देकर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं।

संवाद कार्यक्रम में अनुज अग्निहोत्री, पक्षाल सेक्रेटरी, प्रवीण रत्नू, अदिति अरोड़ा, अनीता सहित अन्य सफल अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं कार्मिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चयनित अभ्यर्थी तथा उनके परिजन भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने श्रीमद्भागवत कथा में लिया धर्मलाभ, संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का दिया संदेश

**भागवत कथा जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान, आने वाली पीढ़ी को आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना हम सभी का दायित्व : मुख्यमंत्री**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर जिले के बगरू स्थित निमेड़ा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होकर कथा श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान है, जो व्यक्ति के विचार, व्यवहार और जीवन मूल्यों में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति हमें सत्य, सेवा, सदाचार और कर्तव्यनिष्ठा का मार्ग दिखाती है। श्रीमद्भागवत कथा में पारिवारिक जीवन, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों का गहन संदेश निहित है। इन शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर व्यक्ति सुख, शांति और समृद्धि के साथ आदर्श जीवन जी सकता है तथा समाज में सद्भाव और संस्कारों को मजबूत बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति प्रकृति को पूजनीय मानती है। नदियां, पर्वत, वृक्ष और गौ माता हमारी आस्था एवं परंपरा के अभिन्न अंग हैं। इसलिए प्रकृति संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।







मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, संस्कारों और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ें, ताकि युवा अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभा सकें।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का साफा पहनाकर तथा गौ माता का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक कैलाश वर्मा, संगरिया धूणी के ओमदास महाराज, कथावाचिका साध्वी सुभद्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## हाईवे लूट गिरोह पर पुलिस का शिकंजा एक और इनामी बदमाश गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**झालावाड़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर ट्रक चालकों से लूटपाट करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सदर थाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी थाना सदर का टॉप-10 अपराधी और इनामी बदमाश है, जो वारदात के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस अब गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में जुटी है। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि 18 जून 2026 को राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर ट्रक चालक से लूटपाट की वारदात हुई थी। घटना के बाद पुलिस मुख्यालय के विशेष क्षेत्र प्रभुत्व अभियान के तहत आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इसी अभियान के दौरान सदर थाना पुलिस ने फरार आरोपी सोनू कंजर (22) निवासी रलायती, थाना सदर, जिला झालावाड़ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी थाना सदर का टॉप-10 अपराधी है तथा उस पर इनाम भी घोषित था। इससे पहले पुलिस इसी गिरोह के एक अन्य आरोपी शिवराज उर्फ शिवराम कंजर को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस जांच में सामने आया कि 19 जून को गिरफ्तार आरोपी शिवराज उर्फ शिवराम से पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया था कि वह अपने साथी सोनू कंजर, राजेन्द्र तथा सलीम उर्फ आपरा के साथ मिलकर हाईवे पर ट्रक चालकों को निशाना बनाता था। गिरोह के सदस्य रात के समय रलायती पुलिया के पास हाईवे पर मिट्टी के कट्टे डालकर वाहनों का रास्ता बदल देते थे।

## नैतिक शिक्षण शिविर का समापन 95 बच्चों ने लिया प्रशिक्षण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**नई दिल्ली।** कैलाश नगर स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित सात दिवसीय नैतिक शिक्षण शिविर का रविवार को समापन हुआ। शिविर में 95 बच्चों ने नैतिक शिक्षा, अनुशासन एवं धार्मिक संस्कारों का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जबकि छह ढाला कार्यक्रम में 85 महिला-पुरुषों ने सहभागिता की। समापन समारोह में डॉ. दिव्यांश जैन ने संस्कार आधारित ऐसे शिविरों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए भविष्य में भी नियमित आयोजन पर जोर दिया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आपसी सहमति से हुआ भूमि विभाजन, तीन भाइयों को मिली वर्षों पुरानी समस्या से राहत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 आमजन की वर्षों पुरानी समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इसी क्रम में उपखंड किशनगढ़ रेनवाल की ग्राम पंचायत बेड़ीमिल्क में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर तीन भाइयों के लिए बड़ी राहत लेकर आया। शिविर में राजस्व अधिकारियों ने आपसी सहमति से भूमि विभाजन का प्रकरण मौके पर ही निस्तारित कर उन्हें राहत प्रदान की।

ग्राम मोहन का बास, तहसील किशनगढ़ रेनवाल निवासी प्रह्लाद सहाय, नरसीराम एवं ओमप्रकाश पुत्र मंगलाराम जाट ने अपनी सहखातेदारी भूमि के विभाजन के लिए ग्रामीण सेवा शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया। भूमि विभाजन लंबित होने के कारण उन्हें राजस्व संबंधी कार्यों में विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।



शिविर में उपस्थित राजस्व अधिकारियों ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की तथा आपसी सहमति के आधार पर भूमि विभाजन की प्रक्रिया पूर्ण कर दी। इससे वर्षों से लंबित समस्या का त्वरित समाधान हो गया और तीनों भाइयों को बड़ी राहत मिली।

समस्या का समाधान होने पर प्रह्लाद सहाय, नरसीराम एवं ओमप्रकाश ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार एवं ग्रामीण सेवा शिविर में कार्यरत अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से उनकी वर्षों पुरानी समस्या का एक ही दिन में समाधान हो गया। उन्होंने ग्रामीण सेवा शिविरों को आमजन की समस्याओं के प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान का सशक्त माध्यम बताया।

## 29 जून को नगर निकायों में यहां आयोजित होंगे शहरी सेवा शिविर

जयपुर @ पदमावत मीडिया। राज्य सरकार के निदेशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जयपुर जिले में 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक प्रातः 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक शहरी सेवा शिविर-2026 आयोजित किए जा रहे हैं। जिला कलक्टर ने बताया कि शहरी सेवा शिविरों में जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, साइनेज लाइसेंस, सीवर कनेक्शन, मोबाइल टावर एनओसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सेवाओं से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविरों के दौरान शहरों में साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, पैचवर्क, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, नालियों एवं सीवर लाइनों की मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण तथा आवारा पशुओं को पकड़ने जैसी व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही पेंशन योजनाओं, मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना, पीएम स्वनिधि, जनधन, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं का लाभ भी पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। शिविरों के सफल संचालन हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। 29 जून को नगर पालिका बगरू के वार्ड 19 एवं 20, नगर पालिका बस्सी के वार्ड 19 एवं 20, नगर पालिका चाकसू के समस्त वार्ड (1 से 35), नगर परिषद चौमूं के वार्ड 6, 7, 8 एवं 14 से 17, नगर पालिका दूदू के वार्ड 19 एवं 20, नगर पालिका जमवारामगढ़ के वार्ड 16 से 20, जोबनेर में वार्ड 10, कालाडेरा में वार्ड 10, नगर पालिका कानोता में वार्ड 10, खेजरोली में वार्ड 19 एवं 20, नगर पालिका किशनगढ़-रेनवाल के वार्ड 11 एवं 21, नगर पालिका मनोहरपुर के वार्ड 21 एवं 22, नगर पालिका नरायना के वार्ड 19 एवं 20, फागी में वार्ड 9, नगर पालिका फुलेरा के वार्ड 16 एवं 17, सांभर लेक में वार्ड 14 तथा शाहपुरा में वार्ड 28, 29, 34 एवं 37 में शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# मन की बात में प्रधानमंत्री ने जनभागीदारी को बताया देश की सबसे बड़ी ताकत

# मुख्यमंत्री ने प्रतिभाशाली युवाओं के साथ सुना 135 वां संस्करण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण का श्रवण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्ष 2025 की सिविल सेवा परीक्षा एवं भारतीय वन सेवा परीक्षा में चयनित राजस्थान के प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों के साथ कार्यक्रम सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज में सकारात्मक बदलाव और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता, सामाजिक नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने तथा जनभागीदारी की शक्ति जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में






जनसहभागिता ही भारत की सबसे बड़ी पूंजी है और प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा।

प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता, प्राकृतिक खेती को मिल रहे प्रोत्साहन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से करोड़ों परिवारों को मिल रही सुरक्षा, असम में हरगिला पक्षी संरक्षण के लिए महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे अभियान, नागालैंड में बच्चों एवं बेटियों के लिए फुटबॉल और फुटसल लीग, नालंदा विश्वविद्यालय में शास्त्रार्थ की परंपरा के पुनर्जीवन, संस्कृत विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डेटा विज्ञान पाठ्यक्रम की शुरूआत, मेघालय के जीवित रूट ब्रिज को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के प्रयास तथा मध्यप्रदेश में महिलाओं द्वारा प्लास्टिक कचरे से इको-ब्रिक्स बनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे नवाचारों का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कैच द रेन अभियान के माध्यम से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। साथ ही आगामी गणेश उत्सव के अवसर पर स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित मिट्टी की प्रतिमाएं अपनाकर वोकल फॉर लोकल अभियान को मजबूती देने की अपील की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन से देशभर में चल रहे नवाचारों, सामाजिक सरोकारों और प्रेरणादायक प्रयासों की जानकारी मिलती है, जिससे आमजन को सकारात्मक सोच और राष्ट्रहित में योगदान देने की प्रेरणा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी की ताकत को भारत की सबसे बड़ी पूंजी बताया है और यही विकसित भारत की मजबूत नींव है।

इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं कार्मिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, सिविल सेवा एवं भारतीय वन सेवा परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा-2026 शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा रविवार को आयोजित वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा-2026 जयपुर जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के समन्वित प्रयासों से परीक्षा का सफल संचालन सुनिश्चित किया गया। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए समुचित प्रबंध किए गए। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सतत निगरानी रखी गई तथा बोर्ड के दिशा-निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित कराई गई। अभ्यर्थियों की सुगम प्रवेश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। जयपुर जिले में आयोजित परीक्षा के लिए कुल 59,103 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 41,699 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 17,404 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 70.55 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। जिला प्रशासन ने परीक्षा के सफल संचालन में सहयोग देने वाले सभी विभागों, पुलिस प्रशासन, परीक्षा केन्द्र अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों तथा कार्मिकों का आभार व्यक्त किया।

### 13 ग्राम पंचायतों में आज होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**नागौर @ पदमावत मीडिया।** ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के तहत सोमवार को जिले की 13 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान करेंगे तथा पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### वेलेंसिया कैफे पर पुलिस का छापा, मैनेजर गिरफ्तार

**जयपुर @ पदमावत मीडिया। जयपुर।** अवैध हुक्का बार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत श्याम नगर थाना पुलिस ने वेलेंसिया कैफे एवं हुक्का बार पर छापा मारकर 4 हुक्के जब्त किए। कार्रवाई के दौरान कैफे के मैनेजर तरुण शर्मा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके पर हुक्का पी रहे लोगों के खिलाफ भी जुर्माना लगाकर कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



### राजसमंद में 1.73 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** जिले में रविवार से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। जिला कलेक्टर अरुण कुमार



हसीजा ने किशोर नगर मंडा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की और अभिभावकों से प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक दिलाने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमंत कुमार बिंदल ने बताया कि जिले में 1,587 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं तथा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1,73,186 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के लिए 3,174 टीकाकर्मी, 158 पर्यवेक्षक, 19 मोबाइल टीमें और 25 पारगमन टीमें तैनात की गई हैं। ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों, खनन क्षेत्रों और घुमंतू समुदायों सहित 384 उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में भी विशेष टीमें बच्चों तक पहुंचकर दवा पिलाएंगी। चिकित्सा विभाग ने सभी अभिभावकों से अभियान में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

### सोहनलाल सुवालका प्रदेश महासचिव मनोनीत

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** अखिल भारतीय कलवार कलाल कलार महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक पुष्कर में आयोजित हुई। बैठक में उदयपुर के सोहनलाल सुवालका को राजस्थान प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय महासचिव किशोर भगत ने बताया कि सोहनलाल सुवालका प्रदेशभर में समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।



## उदयपुर पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन

# 874 ठिकानों पर एक साथ दबिश, 298 अपराधी गिरफ्तार, 460 से अधिक पुलिसकर्मी रातभर रहे मैदान में

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में अपराधियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए उदयपुर पुलिस ने शनिवार अलसुबह विशेष अभियान चलाकर एक साथ 874 स्थानों पर दबिश दी और 298 अपराधियों एवं आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों को गिरफ्तार किया। इस व्यापक अभियान में 111 पुलिस टीमों के 460 से अधिक अधिकारी एवं जवान शामिल रहे। कार्रवाई का उद्देश्य वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, हिस्ट्रीशीटरों पर शिकंजा कसना और जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में चलाए गए इस विशेष अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा (शहर) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल (खेरवाड़ा/मुख्यालय) के सुपरविजन में जिले के सभी वृत्ताधिकारी एवं थानाधिकारी शामिल रहे। पूर्व निर्धारित रणनीति के तहत शनिवार तड़के सभी पुलिस टीमें एक साथ सक्रिय हुईं और जिलेभर में चिन्हित अपराधियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

अभियान के दौरान पुलिस ने आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती सहित अन्य गंभीर मामलों में वांछित 12 अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा 89 स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों का निष्पादन किया गया तथा सामान्य प्रकरणों में वांछित 8 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया।

निवारक कार्रवाई के तहत पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धाराओं 170, 172 एवं 129 के अंतर्गत 186 आदतन अपराधियों को पाबंद किया। वहीं स्थानीय कानूनों के तहत चलाए गए विशेष अभियान में 20 प्रकरण दर्ज कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें आबकारी अधिनियम के 16 प्रकरणों में 7 आरोपी, आर्म्स एक्ट के एक प्रकरण में एक आरोपी तथा जुआ अधिनियम के तीन प्रकरणों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

अभियान के दौरान पुलिस ने जिले के 73 हिस्ट्रीशीटरों के घरों पर भी दबिश देकर उनसे पूछताछ की तथा उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अपराधियों की लगातार निगरानी रखी जाएगी और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी अपराध अथवा अपराधी से संबंधित सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले ओबीसी विद्यार्थियों को मिलेगी निशुल्क आरएएस कोचिंग

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट (रजि.) ने घोषणा की है कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले ओबीसी विद्यार्थियों को राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) परीक्षा की निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। यह घोषणा झाड़ोल में आयोजित समाज की बैठक के दौरान की गई।



ट्रस्ट के प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने कहा कि समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने ओबीसी समाज में जागरूकता बढ़ाने, छात्रावास, छात्रवृत्ति और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में ओबीसी प्रमाण-पत्र की वैधता बढ़ाने, क्रीमीलेयर आय सीमा 15 लाख रुपये करने तथा छात्रवृत्ति सहित विभिन्न मांगें भी उठाई गईं। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### 22.57 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, स्विफ्ट कार जब्त

**बालोतरा @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन विषभंजन के तहत धोरीमन्ना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 22.57 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार जब्त की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार संदिग्ध राणाराम निवासी हिरकण की स्विफ्ट कार की तलाशी के दौरान स्मैक बरामद हुई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसे किसे सप्लाई किया जाना था। मामले में तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

## निर्जला एकादशी पर अनूठी परंपरा: ठाकुर गोपालजी मंदिर के गर्भगृह में भरा गया जल





**आस्था, परंपरा और लोकमान्यता का अद्भुत संगम, ज्येष्ठ पूर्णिमा तक रहेगा जल से भरा गर्भगृह**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**कानोड़।** नगर के आराध्य ठाकुर गोपालजी मंदिर में निर्जला एकादशी के अवसर पर सदियों पुरानी धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते हुए गर्भगृह को जल से भर दिया गया। मान्यता के अनुसार यह जल ज्येष्ठ पूर्णिमा तक गर्भगृह में यथावत रखा जाता है। इस अनूठी परंपरा को देखने और भगवान के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं।

मंदिर के नियमित दर्शनार्थियों के अनुसार यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। स्थानीय इतिहासकार एवं मंदिर के इतिहास पर शोध करने वाले डॉ. जमनेश कुमार ओझा तथा दर्शनार्थी दीपक शर्मा ने बताया कि मंदिर की संरचना वैज्ञानिक दृष्टि और उत्कृष्ट वास्तुशास्त्र के सिद्धांतों के अनुरूप निर्मित है। उनकी मान्यता है कि मंदिर की शिखर ध्वजा वर्षा के संकेत देती है, जबकि गर्भगृह में जल का स्तर वर्षा की संभावनाओं से जुड़ी पारंपरिक मान्यताओं का प्रतीक माना जाता है। लोकविश्वास के अनुसार यदि जल का स्तर घटता है तो इसे कम वर्षा का संकेत माना जाता है। डॉ. ओझा ने बताया कि ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए भगवान के बाल स्वरूप को शीतलता प्रदान करने के उद्देश्य से गर्भगृह में जल भरा जाता है। उन्होंने कहा कि ठाकुर गोपालजी बाल स्वरूप में विराजमान हैं, इसलिए उनकी पूजा-अर्चना और श्रृंगार भी ऋतु के अनुरूप किया जाता है। यह परंपरा भगवान के प्रति श्रद्धा और वात्सल्य भाव का प्रतीक है।

मंदिर के वर्तमान पुजारी ने बताया कि निर्जला एकादशी के दिन गर्भगृह में भरा गया जल अभी भी यथावत है और उसके स्तर में किसी प्रकार की कमी नहीं आई है। यह धार्मिक परंपरा श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र बनी हुई है तथा प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में लोग इस अनूठी परंपरा के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं।

## फतहसागर की पाल पर 126 सूर्यनमस्कार चक्रों का ऐतिहासिक महाआयोजन, 250 से अधिक योग साधकों ने रचा नया कीर्तिमान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विश्व प्रसिद्ध फतहसागर की पाल रविवार को योग, अनुशासन और ऊर्जा का अद्भुत केंद्र बन गई। राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार, पतंजलि योग समिति उदयपुर, सुकृपा फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य सेतु के संयुक्त तत्वावधान में 126 सूर्यनमस्कार चक्रों का भव्य एवं निःशुल्क महाआयोजन आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में 250 से अधिक योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामूहिक सूर्यनमस्कार किया।

कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि इसमें 7 वर्ष के बाल योगी से लेकर 70 वर्ष तक के वरिष्ठ योगाचार्यों और योग प्रेमियों ने एक साथ सहभागिता निभाते हुए नियमित योग और स्वस्थ जीवनशैली का प्रेरक संदेश दिया। फतहसागर की मनोरम पाल पर सामूहिक सूर्यनमस्कार का दृश्य उपस्थित लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

कार्यक्रम में पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) वार सिंह, सहायक निदेशक आयुर्वेद एवं नोडल अधिकारी डॉ. भानुकुमार जैन, सहायक नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक वैद्य शोभालाल औदीच्य, आयुर्वेद



चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डॉ. वी. बंसीवाल, भारतीय योग संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, सुकृपा फाउंडेशन के कृष्णा पालीवाल, पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य मुकेश पाठक, योग समन्वयक योगी अशोक जैन तथा स्वास्थ्य सेतु के पूरण सिंह राठौड़ सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में विधिपूर्वक 126 सूर्यनमस्कार चक्र पूर्ण कर रितु सुखवाल ने प्रथम, हिमाक्ष डांगी ने द्वितीय तथा मोनल सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को उपरणा, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए योगी अशोक जैन, बाल योगी सूर्याक्ष शर्मा, श्वेता शर्मा एवं मान्या शर्मा का भी उपरणा, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योगाचार्य जिग्नेश शर्मा ने विश्व कल्याण की प्रार्थना के साथ कराया। निर्णायक मंडल में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. संजय माहेश्वरी एवं योगाचार्य देवाराम राजपुरोहित ने अपनी सेवाएं दीं।

आयोजन की तकनीकी व्यवस्थाओं में मोहित मेनारिया, प्रेम जैन, मनोहर सिंह राठौड़ एवं शारदा जालोरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आयोजकों ने बताया कि सूर्यनमस्कार महाआयोजन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। आयोजन की सफलता पर मुख्य अतिथियों एवं शहरवासियों ने इसकी सराहना करते हुए इसे योग जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, तीन आरोपी गिरफ्तार; 11 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** जयपुर पूर्व जिले की जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इनमें 9 चालू हालत में तथा 2 खुली हुई अवस्था में मिली हैं। आरोपियों से पूछताछ जारी है और कई अन्य वाहन चोरी की वारदातों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

जयपुर पूर्व की पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने बताया कि जिले में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार सिंघल एवं सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर विनोद कुमार शर्मा के निर्देशन में जवाहर सर्किल थानाधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व



में थाना पुलिस एवं जिला विशेष टीम की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने लगातार निगरानी, मुखबिर तंत्र और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश किया। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले ऐसे स्थानों की रेकी करते थे जहां दुकानों और मकानों के बाहर मोटरसाइकिलें खड़ी रहती थीं। मौका मिलते ही वे मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें सुनसान स्थानों या खंडहरों में छिपा देते थे। बाद में मांग के अनुसार वाहनों को बेच दिया जाता था। पूछताछ में आरोपियों ने जवाहर सर्किल, बजाज नगर, शास्त्री नगर, शिप्रापथ, रामगंज तथा आसपास के क्षेत्रों से मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने इस मामले में राकेश मीणा (24) निवासी सवाई माधोपुर, हरिसिंह मीणा (23) निवासी दौसा तथा फूल सिंह प्रजापत (19) निवासी दौसा को गिरफ्तार किया है। तीनों के कब्जे से कुल 11 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। बरामद वाहनों के संबंध में जवाहर सर्किल थाना, बजाज नगर, शास्त्री नगर, शिप्रापथ और रामगंज थाना क्षेत्रों में दर्ज वाहन चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के विरुद्ध जवाहर सर्किल थाने में दर्ज विभिन्न प्रकरणों में कार्रवाई की जा रही है।

# दो बूंद जिंदगी की सुरक्षा: मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर प्रदेशव्यापी राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी और सुरक्षित उपाय समय पर पोलियो की खुराक पिलाना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बच्चे के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने प्रदेश के सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के तहत जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पहले दिन पोलियो बूथों पर दवा पिलाई जाएगी, जबकि अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश का कोई भी पात्र बच्चा इस अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए।








कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के साथ उन्हें चॉकलेट भी वितरित की तथा दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार अभियान के पोस्टर का भी विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने पोलियो उन्मूलन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पिछले 15 वर्षों में देश में पोलियो का कोई नया मामला सामने नहीं आया है तथा 27 मार्च 2014 को भारत को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पोलियो मुक्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया था। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग और जागरूकता आवश्यक है।

राज्य में यह अभियान 28 जून से 30 जून तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेशभर में लगभग 1.04 करोड़ बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के सफल संचालन के लिए 59 हजार 217 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा 75 हजार 232 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 7 हजार 11 ट्रांजिट टीमें तथा 9 हजार 4 मोबाइल टीमें शामिल हैं। ये टीमें बूथों, घर-घर और विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य करेंगी।

कार्यक्रम में ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी तथा अभिभावक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी से इस जनस्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

**राजसमंद।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आगरिया में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह



राठौड़ ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों से प्रत्येक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की। विधायक ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत की उपलब्धि बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो रोधी दवा पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, आशा सहयोगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और अभियान से जुड़े सभी कार्मिकों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों तक भी पोलियो की दवा पहुंचाई जा रही है।

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र 2.0: पांच साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन सुदर्शन चक्र 2.0 के तहत रठांजना थाना पुलिस ने पांच वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस न्यायालय, प्रतापगढ़ से वर्ष 2010 के प्रकरण में स्थायी वारंट जारी था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दशरथ सिंह सोढ़िया राजपूत निवासी रायसिंहपुरा, जिला नीमच (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की। जिला पुलिस ने बताया कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी का अभियान लगातार जारी रहेगा।

### बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 16.11 लाख अभ्यर्थी शामिल

**पटना @ पदमावत मीडिया।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षाएं शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुईं। तीनों विज्ञापनों के तहत कुल 16.11 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी निगरानी, जैमर, बायोमेट्रिक सत्यापन और कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से लाइव मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई। परीक्षा के दौरान कदाचार के आरोप में 17 अभ्यर्थियों की संलिप्तता सामने आई, जिनमें से 12 को गिरफ्तार किया गया तथा 11 प्राथमिकी दर्ज की गईं। केंद्रीय चयन पर्षद ने सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

### देह व्यापार के अड्डे पर पुलिस का छापा, दो गिरफ्तार

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** कांकरोली थाना पुलिस ने नवरत्न कॉलोनी स्थित एक मकान पर छापा मारकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान दो महिलाओं को मौके से मुक्त कराया गया, जबकि रैकेट संचालित करने वाली महिला और एक दलाल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी महिला के खिलाफ पूर्व में भी इसी तरह का मामला दर्ज हो चुका है। पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ : पारस सिंघवी

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर आईसीएआई उदयपुर शाखा एवं यूसीसीआई




के संयुक्त तत्वावधान में आईसीएआई एमएसएमई महोत्सव-2026 का आयोजन किया गया। यूसीसीआई भवन में आयोजित कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, उद्योगपतियों, उद्यमियों और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीए मनीष जैन ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, सब्सिडी और वित्तीय सहायता की जानकारी दी।

## पुलिस, न्यायपालिका, अभियोजन, जेल और फॉरेंसिक के शीर्ष अधिकारी एक मंच पर, मध्यप्रदेश में एकीकृत आपराधिक न्याय प्रणाली को मिला नया आयाम

**डिजिटल समन्वय, त्वरित न्याय और तकनीक आधारित विवेचना पर मंथन, भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी), पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे सभागार (मिंटो हॉल) में एकीकृत आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन एवं डिजिटल समन्वय विषय पर राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पुलिस, न्यायपालिका, अभियोजन, जेल, फॉरेंसिक एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक मंच पर एकत्र होकर आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया।

कार्यशाला का आयोजन मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव एस. कालगांवकर के मुख्य आतिथ्य, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एससीआरबी जयदीप प्रसाद के नेतृत्व तथा पुलिस महानिरीक्षक हरिनारायणचारी मिश्र के समन्वय में हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिस, न्यायालय, अभियोजन, जेल, फॉरेंसिक एवं स्वास्थ्य विभागों के बीच डिजिटल समन्वय को मजबूत बनाना तथा एकीकृत आपराधिक न्याय प्रणाली के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए साझा रणनीति तैयार करना रहा। इसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जिला न्यायाधीश, अभियोजन, जेल, फॉरेंसिक तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

स्वागत उद्बोधन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद ने कहा कि एकीकृत आपराधिक न्याय प्रणाली केवल एक तकनीकी परियोजना नहीं, बल्कि देश की संपूर्ण आपराधिक न्याय व्यवस्था को डिजिटल रूप से जोड़ने वाला राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने सभी विभागों के बीच निर्बाध डिजिटल समन्वय को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति संजीव एस. कालगांवकर ने कहा कि आधुनिक न्याय व्यवस्था डिजिटल साक्ष्यों, त्वरित सूचना आदान-प्रदान और तकनीक आधारित





प्रक्रियाओं पर आधारित होगी। उन्होंने ई-समन, ई-वारंट, डिजिटल आरोप पत्र, सुरक्षित डिजिटल अभिलेख, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए विभिन्न एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय पर बल दिया।

अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय शुक्ला ने कहा कि राज्य में प्रशासनिक सुधार एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन विभागों के बीच डिजिटल एकीकरण को और मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल रैंकिंग सुधारना नहीं, बल्कि नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि साइबर अपराध, संगठित अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीक आधारित पुलिसिंग अनिवार्य हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विवेचना अधिकारियों को डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं तथा आधुनिक तकनीकी मंचों के माध्यम से विवेचना को अधिक वैज्ञानिक, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जा रहा है।

कार्यशाला के दौरान जून 2025 से मई 2026 की अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित भी किया गया। एकीकृत आपराधिक न्याय प्रणाली एवं अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क प्रणाली के अंतर्गत उत्कृष्ट डेटा गुणवत्ता के लिए रतलाम को प्रथम, अशोकनगर एवं गुना को संयुक्त रूप से द्वितीय तथा राजगढ़ को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। वहीं फिंगरप्रिंट प्रबंधन एवं पहचान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए भोपाल पुलिस




आयुक्तालय, देवास और इंदौर को सम्मानित किया गया।

तकनीकी सत्र में राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो, नई दिल्ली के उप निदेशक प्रसून गुप्ता ने एकीकृत आपराधिक न्याय प्रणाली के नवीन संस्करण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विश्लेषण तथा एकीकृत डिजिटल व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी। डिजिटल फॉरेंसिक एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों पर विशेषज्ञ व्याख्यान भी आयोजित किया गया। विशेष पुलिस महानिदेशक पंकज श्रीवास्तव ने नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया। प्रायोगिक सत्र में इंदौर पुलिस आयुक्तालय, देवास एवं रतलाम पुलिस की टीमों ने अपने नवाचार, सफल प्रयोग एवं डिजिटल समन्वय के अनुभव साझा किए। समापन सत्र में समूह चर्चा के माध्यम से विभिन्न विभागों से सुझाव प्राप्त किए गए, जिन्हें भविष्य में एकीकृत आपराधिक न्याय प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उपयोग में लिया जाएगा। यह कार्यशाला तकनीक आधारित, पारदर्शी एवं समन्वित आपराधिक न्याय व्यवस्था की दिशा में मध्यप्रदेश की एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल के रूप में सामने आई।

## यूसीएफ से राजस्थान के शहरों में होंगे 15,800 करोड़ के विकास कार्य



**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान के शहरों में आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार के अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) के तहत अगले पांच वर्षों में लगभग 15,800 करोड़ की परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी। इन परियोजनाओं के तहत सड़क, सीवरेज, ड्रेनेज, ठोस कचरा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट, सौंदर्यीकरण और अन्य शहरी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए आधुनिक शहरी आधारभूत ढांचे का विकास सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर स्वायत्त शासन विभाग और हुडको के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत परियोजनाओं के विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने और तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का सबसे अधिक लाभ टियर-2 और टियर-3 शहरों को मिलेगा। केंद्र सरकार कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिशत, राज्य सरकार एवं स्थानीय निकाय 25 प्रतिशत तथा शेष 50 प्रतिशत राशि वित्तीय संस्थानों एवं हुडको के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्थान की प्रस्तावित परियोजनाओं में केंद्र सरकार लगभग ?3,950 करोड़ का योगदान देगी। कार्यक्रम में अधिकारियों के लिए परियोजना निर्माण संबंधी कार्यशाला भी आयोजित की गई। स्वायत्त शासन विभाग ने गुणवत्तापूर्ण परियोजनाएं तैयार करने और सभी स्वीकृत कार्यों की डिजिटल निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## मोबाइल दुकानदार पर चाकू से हमला वाला बालक संरक्षण में

**जोधपुर @ पदमावत मीडिया।** उदयमंदिर थाना पुलिस ने मोबाइल रिपेयर दुकानदार पर चाकू से हमले के मामले का खुलासा करते हुए विधि से संघर्षरत एक बालक को संरक्षण में लिया है। पुलिस ने उसे नियमानुसार संप्रेषण गृह भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 22 जून को मोबाइल की मरम्मत को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने अपने साथी के साथ दुकान कर्मचारी कार्तिक सोलंकी पर चाकू से हमला कर दिया था। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर बालक की पहचान कर उसे जैसलमेर से लाया गया। मामले में आगे का अनुसंधान जारी है।

## मानसून से पहले सफाई पर जोर, आवासीय सोसायटियों से कचरा और मलबा तत्काल हटाने की अपील

**स्थायी समिति अध्यक्ष प्रभाकर शिंदे बोले– स्वच्छ परिसर से ही बीमारियों पर लगेगी रोक**





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** मानसून के मद्देनजर बृहन्मुंबई महानगरपालिका की स्थायी समिति के अध्यक्ष प्रभाकर शिंदे ने आवासीय सोसायटियों से परिसर में जमा ठोस कचरा एवं निर्माण मलबा तत्काल हटाकर स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गंदगी और जलभराव के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए समय रहते साफ-सफाई और आवश्यक निर्जंतुकीकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। रविवार को मुलुंड (पूर्व) स्थित पीएमजीपी सहकारी गृहनिर्माण संस्था में आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए प्रभाकर शिंदे ने कहा कि महानगरपालिका शहरभर में व्यापक स्वच्छता अभियान चला रही है। ऐसे अभियानों की सफलता के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है।

उन्होंने महानगरपालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आगामी मानसून के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं।

विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान परिसर में जमा निर्माण मलबा, अनुपयोगी सामग्री एवं ठोस कचरे को हटाया गया। साथ ही संभावित खतरे को देखते हुए पेड़ों की सूखी एवं जर्जर शाखाओं की छंटाई भी की गई। अभियान में दो डंपर, एक वृक्ष छंटाई वाहन, एक विशेष परिवहन वाहन, एक निर्माण मलबा परिवहन वाहन, एक जेसीबी तथा लगभग 35 कर्मचारियों की टीम ने भाग लिया।

प्रभाकर शिंदे ने कहा कि यदि समय रहते कचरे का निस्तारण नहीं किया गया तो वर्षा के दौरान दुर्गंध, जलभराव और संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए स्वच्छता केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर पीएमजीपी सहकारी गृहनिर्माण संस्था के एच विंग के सचिव संजीवन माने, जी विंग के सचिव संदीप भोसले, बृहन्मुंबई महानगरपालिका के ठोस कचरा प्रबंधन एवं उद्यान विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

## प्रेम प्रसंग बना खूनी साजिश का कारण: 48 घंटे में अपहरण और हत्या की गुत्थी सुलझी, मुख्य महिला आरोपी समेत दो गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले की सुखेर थाना पुलिस ने अपहरण और हत्या के सनसनीखेज मामले का महज 48 घंटे में खुलासा करते हुए मुख्य महिला आरोपी और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेम प्रसंग से उपजे विवाद में रची गई इस साजिश में आरोपियों ने पहले कार को टक्कर मारकर पीड़ित का अपहरण किया, फिर जंगल में ले जाकर बेरहमी से मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 22 जून 2026 को सुरेंद्र सिंह कितावत निवासी भीमल (वागननाड़ा), तहसील मावली ने सुखेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके जीजा हिम्मत सिंह सोलंकी अपनी कार से कैलाशपुरी क्षेत्र में एक महिला से मिलने गए थे। वह महिला के घर से कुछ दूरी पर स्थित नर्सरी के पास उसका इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर की तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इसके बाद पिकअप में सवार 8 से 10 लोग नीचे उतरे, कार में तोड़फोड़ की, हिम्मत सिंह के साथ मारपीट की और जबरन उन्हें पिकअप में डालकर अपने साथ ले गए। शिकायत में यह भी बताया गया कि हिम्मत सिंह का पिछले लगभग एक वर्ष से उक्त महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसे लेकर महिला के पति, ससुर और परिजनों के बीच रंजिश थी।




रिपोर्ट पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा तथा नगर पश्चिम वृत्ताधिकारी राजेश यादव के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी विश्लेषण किया तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके बाद उदयपुर, राजसमंद और भीलवाड़ा जिलों में लगातार दबिश देकर मामले में मुख्य महिला आरोपी भोली उर्फ भोलकी तथा उसके भाई ललित को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि करीब 13 वर्ष पहले कैलाशपुरी के जंगलों में बकरियां चराने के दौरान भोली और हिम्मत सिंह की पहचान हुई थी। समय के साथ दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और प्रेम संबंध स्थापित हो गए। बाद में भोली के पीहर पक्ष ने इस रिश्ते का विरोध किया और उसे हिम्मत सिंह से संबंध समाप्त करने के लिए कहा। भोली भी इस संबंध से परेशान थी। इसके बाद दोनों को रास्ते से हटाने की साजिश रची गई। योजना के अनुसार 26 जून 2026 को भोली ने हिम्मत सिंह को फोन कर मिलने बुलाया और उनके पहुंचते ही अपने भाई ललित को सूचना दे दी। ललित अपने साथियों मदन, सुंदर, अजय गमेती, रूपलाल और जीतू सहित अन्य लोगों के साथ पहले से घात लगाकर बैठा था।

जैसे ही हिम्मत सिंह मौके पर पहुंचे, आरोपियों ने पिकअप वाहन से उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद सभी ने मिलकर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की, उन्हें जबरन पिकअप में डालकर पैसिफिक अस्पताल के पीछे जंगल में ले गए और वहां फिर से बुरी तरह पीटा। गंभीर चोटों के कारण हिम्मत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। हत्या में प्रयुक्त वाहन सहित अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच जारी है। जिला पुलिस का कहना है कि इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी को जल्द गिरफ्तार कर कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन त्रिनेत्र: गांजा तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत घंटाघर थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में करीब डेढ़ माह से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था, जिसे तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार अम्बामाता थाने में दर्ज गांजा तस्करी के प्रकरण में वांछित सूरज कुमार सोनी (24), निवासी आमेट, जिला राजसमंद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क और अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मामले में अनुसंधान जारी है।

### 100 वर्षों बाद होगी वरुण सागर झील की खुदाई

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने ऐतिहासिक अजमेर जिले में वरुण सागर झील के डीसिल्टिंग कार्य का शुभारम्भ किया। लगभग 100 वर्षों बाद पहली बार झील की खुदाई का कार्य प्रारम्भ होने जा रहा है, इससे झील की जलधारण क्षमता बढ़ेगी, भराव क्षेत्र का विस्तार होगा तथा अतिक्रमण हटाकर झील को उसका मूल स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि यह अजमेर के लिए ऐतिहासिक क्षण है। झील के निर्माण के बाद पहली बार इसकी खुदाई की जा रही है। इससे झील अधिक गहरी होगी, जल संग्रहण क्षमता बढ़ेगी और वर्षा के दौरान अतिरिक्त पानी का बेहतर प्रबंधन होने से शहर को जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटने से झील की प्राकृतिक सुंदरता में भी अभूतपूर्व निखार आएगा।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में अजमेर को विकास की अनेक महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। तारागढ़ किला विकास, लैपर्ड सफारी, साइंस पार्क, आनासागर विकास, वरुण सागर विकास तथा चौरसियावास तालाब के सौन्दर्यीकरण जैसे कार्य अजमेर को पर्यटन के नए केन्द्र के रूप में स्थापित करेंगे। इन परियोजनाओं से पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि होगी तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।देवनानी ने बताया कि वरुण सागर झील पर भगवान वरुण देव की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी तथा आसपास के उद्यान का भी व्यापक कायाकल्प किया जाएगा, इससे यह क्षेत्र धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से और अधिक आकर्षक बनेगा।जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के विकास के प्रति पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से झीलों, तालाबों एवं जल आवक मार्गों की डीसिल्टिंग एवं सफाई का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। अजमेर जिले में भी जल संरचनाओं के संरक्षण एवं विकास के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं।

### प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित की जाए

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ के निर्देश पर सभी जिलों की स्वास्थ्य सेवाओं का 24 जून से 27 जून तक मुख्यालय के जिला प्रभारियों के दलों द्वारा सघन निरिक्षण किया गया। प्रभारियों द्वारा गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग, उपकरणों की स्थिति, प्रोटोकॉल की पालना, फायर और इलेक्ट्रिकल ऑडिट, दवाइओं का स्टोरेज, स्वास्थ्य भवनों एवं एम्बुलेंस की स्थिति सहित अन्य बिन्दुओं की सघन जांच की गई।

श्रीमती राठौड़ द्वारा जिलों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधा की स्थिति के सम्बन्ध में स्वास्थ्य भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के सीएमएचओ एवं जिला प्रभारियों से जानकारी ली गई। उन्होंने सिरोही, उदयपुर, कोटा, जालोर सहित अन्य जिलों के प्रभारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने जिलों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, दवाईओं की उपलब्धता एवं उचित रखरखाव, स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में निर्धारित एसओपी की पालना, चिकित्सा संस्थानों में मरम्मत सम्बन्धी जरूरतों, विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांकों में ख?ाब प्रदर्शन करने वाले जिलो को आ रही समस्याओं इत्यादि बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जर्जर भवनों का उपयोग नहीं करें एवं सभी प्रकार के प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि फैसिलिटी इंचार्ज सम्बंधित संस्थान की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरिक्षण करे। उनमे सुधार लाए तथा सीएमएचओ नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर अस्पताल की व्यवस्थाओं में लगातार सुधार करें।

# प्रधानमंत्री के दौरे से पहले जोधपुर एयरपोर्ट पर तैयारियों की समीक्षा: मुख्यमंत्री ने नए टर्मिनल का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**जोधपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित 4 जुलाई के राजस्थान दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचकर नवनिर्मित टर्मिनल भवन का निरीक्षण किया और प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का निरीक्षण करते हुए प्रवेश एवं निकास द्वार, लॉबी, वीआईपी लाउंज सहित विभिन्न यात्री सुविधाओं और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों से तैयारियों की प्रगति की जानकारी ली और निर्धारित समयसीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार रहें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन, पुलिस और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, आगंतुकों की सुविधा, समन्वय और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 जुलाई को जोधपुर को नए एयरपोर्ट टर्मिनल की सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और राज्य निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

निरीक्षण के दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सांसद मदन राठौड़, पीपी चौधरी, विधायक बाबू सिंह राठौड़, देवेंद्र जोशी, भैराराम सियोल, अर्जुन लाल गर्ग, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## भामाशाह सम्मान समारोह से पहले शिक्षा मंत्री ने किया दानदाताओं का सम्मान



**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह से पूर्व शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सम्मानित होने वाले भामाशाहों और दानदाताओं के सम्मान में अभिनंदन सह-भोज का आयोजन किया। इसमें 154 भामाशाह, 99 प्रेरक और 23 एनआरआई दानदाताओं ने भाग लिया। शिक्षा मंत्री ने दानदाताओं से संवाद कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने संबंधी सुझाव लिए तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज की सहभागिता से प्रदेश में शिक्षा का विकास और अधिक सशक्त होगा।

## प्रतिभावान बच्चों को दिखाएगा बेहतर भविष्य की राह

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** बीकानेर जिले के 50 प्रतिभावान और जरूरतमंद युवाओं को करियर चयन में सहायता, संसाधन, मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से सुपर-50 कार्यक्रम चलाया जाएगा। इनका चयन एक कमेटी द्वारा किया जाएगा। दसवीं और बारहवीं परीक्षा पास विद्यार्थी, इस योजना के तहत चयनित होंगे जो नीट, यूपीएससी सहित अन्य स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी करेंगे। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित करियर काउंसलिंग कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीकानेर के प्रतिभावान बच्चे अवसर और संसाधनों की कमी के कारण बेहतर करियर से वंचित न रहें, इसके मद्देनजर भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा यह पहल की जा रही है। उन्होंने करियर काउंसलिंग कार्यक्रम के लिए कमेटी बनाने तथा चयन की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि करियर की बेहतर राह पर ले जाने के लिए प्रत्येक बच्चे पर 3 लाख रुपए तथा कुल डेढ़ करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे।

## भीनमाल रेलवे स्टेशन पर अत्याधुनिक शीतल जल प्याऊ का लोकार्पण, हजारों यात्रियों को मिलेगी राहत



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक शीतल जल प्याऊ का लोकार्पण किया गया। रेलवे स्टेशन पर स्थापित यह अपनी तरह की पहली आधुनिक शीतल जल प्याऊ है, जिससे प्रतिदिन हजारों यात्रियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि सांसद लूंबाराम चौधरी ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में यह प्याऊ यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने सालेचा परिवार एवं हरण परिवार के इस जनहितकारी कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाजहित में किए गए ऐसे कार्य अनुकरणीय हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर विधायक समरजीत सिंह ने जनसेवा की इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया। पूर्व विधायक पूराराम चौधरी ने भी समारोह में उपस्थित रहकर आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। यह अत्याधुनिक शीतल जल प्याऊ स्वर्गीय बादलकंवर भभूतमल सालेचा परिवार तथा स्वर्गीय शांतिदेवी जुगराज हरण परिवार की स्मृति में निर्मित की गई है। इससे प्रतिदिन रेलवे स्टेशन पर आने वाले हजारों यात्रियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

समारोह में पुलिस उप अधीक्षक शंकरलाल मसूरिया, दिनेश हरण, रमेश सालेचा, हीरालाल मेहता, प्रेमराज बोहरा, राजमल बोहरा, सुखराज मेहता, पूर्व पालिकाध्यक्ष विमला बोहरा, ऋषभ सालेचा, अवकाश हरण, अशोक सेठ, मुकेश बाफना, नरेंद्र दोसी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गणपतसिंह देवड़ा, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, शांतिदेवी गोवाणी, रेलवे प्रशासन, रेलवे पुलिस के अधिकारी, प्रवासी बंधु तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





## 19 की उम्र में मैंने पियर्सिंग कराई

**अभिनेत्री** और सिंगर श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर अपने बचपन और टीनएज से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। उन्होंने बताया कि टीनएज में लिया गया उनका एक फैसला उनके पिता और दिग्गज अभिनेता कमल हासन को बिल्कुल पसंद नहीं आया था, जिसके चलते वह काफी गुस्सा हो गए थे। दरअसल, श्रुति हासन ने इंस्टाग्राम पर एक 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन के दौरान फैंस के सवालों का जवाब दिया। इसी दौरान एक फैन ने उनसे उनके पर्सनल स्टाइल और बॉडी पियर्सिंग को लेकर सवाल पूछा। इस पर जवाब देते हुए श्रुति ने बताया कि उन्होंने टीनएज में बेली बटन की पियर्सिंग कराई थी। श्रुति ने अपने जवाब में एक तस्वीर भी शेयर की और लिखा, ''यह फैसला मेरे टीनएज की शरारत का हिस्सा था। 19 साल की उम्र में मैंने बेली बटन की पियर्सिंग कराई थी। मेरे इस फैसले पर मेरे अप्पा काफी गुस्सा हुए थे। अभिनेत्री ने कहा कि ज्यादातर लोग टीनएज में ऐसे फैसले लेते हैं, जिन पर बाद में परिवार अलग प्रतिक्रिया देता है। बता दें कि श्रुति हासन हमेशा से अपने अलग और बोल्ड फैशन स्टाइल के लिए जानी जाती रही हैं। इसको लेकर एक फैन ने उनसे उनका हेयर केयर रूटीन के बारे में पूछा, जिस पर श्रुति ने बताया कि पिछले पांच सालों में वह किसी भी हेयर सैलून नहीं गई हैं।

उन्होंने कहा कि वह अपने बालों की देखभाल खुद ही करती हैं और जरूरत पड़ने पर खुद ही बाल काटती और ट्रीट करती हैं। श्रुति ने कहा, ''आखिरी बार मैंने बालों को 2017 में कलर कराया था, और उसके बाद से मैंने किसी तरह का प्रोफेशनल हेयर ट्रीटमेंट नहीं लिया है। मैं अपने बालों और लुक्स के साथ खुद एक्सपेरिमेंट करना पसंद करती हूं।

**ग्राम चिकित्सालय 2 से जुड़े निरहुआ, सुनाए मजेदार किस्से**

## 'जो लोग देखना पसंद करेंगे, वहां दिख जाऊंगा'

भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ अब वेब सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय सीजन 2' में नजर आने वाले हैं। खास बात ये है कि वह पहले सीजन में भी इस सीरीज का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन उस वक्त बात नहीं बन पाई। अब दूसरे सीजन से जुड़कर वह काफी खुश हैं। हाल ही में बातचीत में निरहुआ ने सीरीज, अपने किरदार और ओटीटी के दौर में बदलती इंडस्ट्री पर बात की।

### 'तब लगा मुझे भी करना चाहिए था'

निरहुआ ने बताया कि ग्राम चिकित्सालय उन्हें शुरू से पसंद था और पहले सीजन में शामिल न हो पाना उन्हें कहीं न कहीं खटका भी था। उन्होंने कहा, 'जब मुझे ये सीरीज ऑफर हुई तो बहुत खुश हुआ। क्योंकि मैं इसका पहला सीजन ही करना चाहता था। जब पहला सीजन आया तो मैंने परिवार के साथ बैठकर देखा और मुझे बहुत आनंद आया। मैं घर में यही बात कर रहा था कि यार मैं भी करने वाला था लेकिन कुछ कारणों से नहीं कर पाया। फिर जैसे ही पता चला कि इसका दूसरा सीजन भी आ रहा है तो बहुत खुश हुआ। मैंने इसमें काम किया क्योंकि यह मेरा फेवरेट शो है।

### 'हर गांव में मेरे जैसा एक आदमी'

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए निरहुआ कहते हैं, 'मेरा किरदार ऐसा है जैसा आदमी लगभग हर गांव में मिल ही जाएगा। एक ऐसा दबंग टाइप का आदमी जिसको सब पता है कि कौन क्या करके आया है? सिस्टम कैसे चलता है? वो सब जानता है। हर जगह ऐसे लोग मिलते हैं और हमारा पाला भी बहुत पड़ता है। लोगों को देखने को मिलेगा कि गांव में दबंग आदमी असल में होता कैसा है।'

### 'एक्टर की पढ़ाई 24 घंटे चलती रहती है'

अपने किरदार की तैयारी पर निरहुआ ने कहा, 'एक्टर्स के लिए सीखने की प्रक्रिया कभी रुकती नहीं है। हां कुछ किरदारों के लिए ज्यादा वर्कशॉप नहीं करनी पड़ती क्योंकि रियल लाइफ में ऐसे लोग मिलते रहते हैं। हम अभिनेताओं की पढ़ाई 24 घंटा चलती रहती है। हम जहां भी जाते हैं लोगों को ऑब्जर्व करते हैं कि ये कैसे बात कर रहा है, कैसे बिहेव कर रहा है। फिर जब मौका मिलता है तो उसी को पर्दे पर उतारने की कोशिश करते हैं।'

## प्रति शिविर औसत कार्यों के आधार पर जयपुर जिला अव्वल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा 12 जून से 15 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे ग्रामीण सेवा शिविर-2026 में जिला कलक्टर संदेश नायक द्वारा निरन्तर की जा रही प्रभावी मॉनिटरिंग व विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित आपसी समन्वय के फलस्वरूप 25 जून तक आयोजित शिविरों में जयपुर जिले ने समग्र प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित की है।

प्रतिदिन उपखण्ड एवं विभागवार की जा रही मॉनिटरिंग का यह परिणाम रहा कि जो उपखण्ड एवं विभाग निचले पायदान पर थे उन्होंने जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों से प्रेरणा प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।जिला कलक्टर ने बताया कि राजस्व विभाग को रास्ते के कुल 582 प्रकरण प्राप्त हुए थे, जिनमें से 548 का मौके पर ही निस्तारण किया गया है। वहीं जाति, मूल, निवास प्रमाण पत्र हेतु 13,717 प्रकरण आए थे जिनमें से 13,196 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है। वहीं राजस्व अभिलेखों, खातों में शुद्धीकरण के 12,712 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 12,646 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है। इन प्रकरणों के साथ-साथ नामान्तरण, सीमांकन, पत्थरगढी, आपसी सहमति से विभाजन, राजकीय प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन, अतिक्रमण, गैर खातेदारी से खातेदारी , आबादी विस्तार आदि के कुल 37,134 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 36,330 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# ऑपरेशन मदमलज की बड़ी सफलता: छह माह से फरार 25 हजार का इनामी अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर जालम सिंह गिरफ्तार, एएनटीएफ ने रची ऐसी रणनीति कि खुद जाल में फंस गया तस्कर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की मादक पदार्थ विरोधी कार्यबल (एएनटीएफ) ने ऑपरेशन मदमलज के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले छह माह से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर जालम सिंह को जालौर से गिरफ्तार कर लिया। एएनटीएफ ने राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में फैले तस्करी नेटवर्क के इस प्रमुख सूत्रधार को उसी की चाल में फंसाकर दबोच लिया। इसके साथ ही एएनटीएफ ने फरार तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अपना 70वां शिकार भी दर्ज किया। मादक पदार्थ विरोधी कार्यबल के महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा तथा अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के मार्गदर्शन में राज्यभर में नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक जालौर द्वारा 25 हजार रुपये के इनामी घोषित किए गए फरार तस्कर जालम सिंह पुत्र देवीसिंह राजपूत, निवासी कुडल, थाना सिवाना, जिला बालोतरा को गिरफ्तार करने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई और अंततः उसे दबोच लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि जालम सिंह पहले गुजरात के हिम्मतनगर में मजदूरी करता था। वहीं उसकी दोस्ती एक ऐसे व्यक्ति से हुई जिसने उसे कम समय में अधिक पैसा कमाने का लालच देकर मादक पदार्थों की तस्करी के धंधे में उतार दिया। शुरूआत में वह अवैध एमडी मादक पदार्थ खरीदकर उसमें अन्य पाउडर मिलाकर उसकी मात्रा बढ़ाता और फिर गुजरात के हिम्मतनगर तथा आसपास के क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाने लगा। धीरे-धीरे वह बड़े स्तर का सप्लायर बन गया और राजस्थान, गुजरात तथा महाराष्ट्र में अपना नेटवर्क फैला लिया। करीब छह माह पहले एएनटीएफ ने जालौर के भीनमाल क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में उसके साथी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने बताया था कि बरामद एमडी जालम सिंह को दी जानी थी और वह स्वयं उसे लेने आने वाला था। साथी की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही जालम सिंह गुजरात भाग गया और उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज होने के बाद उसने राजस्थान आना पूरी तरह बंद कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।